### जल संरक्षण क्षेत्र में पुरस्कार मिलने के बाद गुना नगरपालिका का बेहद चौकाने वाला चेहरा उजागर

# जीर्णोद्धार की बजाय जमींदोज की सनक!

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

हरिभूमि एक्सपोज

जल संरक्षण की दिशा में राष्ट्रपति से प्रथम पुरस्कार हांसिल करने वाली गुना नगरपालिका ने सदियों पुराने वर्षा से अवशोषित कुएं को मटियामेट करने का कारनामा कर दिखाया है। अपनी सनक को अमलीजामा पहनाने के लिए नगरपालिका के कारिन्दे इस हद तक कुएं को भरने पर आमादा हो गए कि उन्होंने बिना कुछ सोचे-समझे प्राचीन कुएं की मुंडेर पर जेसीबी चलवा दी। अब सवाल यह उठता है कि शहर का जो इलाका गर्मी के दौर में भीषण जल संकट का सामना करता है, ऐसे में ब्रिटिशकाल में चूने और पत्थर से बने इस कुएं को अचानक से भरने का फरमान आखिरकार किसके द्वारा सुनाया गया। शहर के जिम्मेदार नागरिकों का भी यही कहना है कि जल संरक्षण की दिशा में कागजी कार्रवाई करने वाली नगरपालिका आखिरकार इस कुएं पर जेसीबी चलवाकर आखिरकार साबित क्या करना चाहती है।

पहले



अब




## पूरा इलाका पीता था पानी

कैंट या यूं कहें की अंग्रेजी हुकूमत की छावनी में बसे लोग इस कुएं से पानी पीते थे। उम्रदराज हो चुके लोगों का कहना है कि उनके पूर्वज इस कुएं से पानी पीते थे और वह भी इस कुएं की मुंडेर पर अपनी मम्मी-दादी के साथ नी भरने आया करते थे। कुछ लोगों का तो यहभी कहना है कि यह कुआं छावनी (अब कैंट) क्षेत्र की लाइफलाइन हुआ करता था। लेकिन कालांतर में कचरे और अन्य चीजे फैंकने के कारण इस कुएं का दोहन होता चला गया। हालांकि यह बात भी सही है कि इस कुएं में अब भी बारिश का जल सहेजने की क्षमता है, जिसका अगर जीर्णोद्धार किया जाए, तो यह अब भी किसी बड़े वाटर रिसार्स से कम नहीं होगा।

## क्लाइमेंट चेंज एक्शन प्रोजेक्ट की उड़ीं धज्जियां

मौसम विभाग के ठीक सामने स्थित इस कुएं पर नगरपालिका की नजर लग गई है। बेहतर जलसरंक्षण का दावा करने वाली गुना नगरपालिका ने नगरीय निकाय और जनभागीदारी के 'क्लाइमेंट चेंज एक्शन प्रोजेक्ट' की धज्जियां बिखेर दीं। दरअसल मोहन यादव सरकार प्रदेशभर के पुराने कुओं, बावड़ियों और तालाबों के संरक्षण का फैसला लिया है। लेकिन उनके इस अभियान को उनके ही कारिन्दे पूरी तरह से पलीता लगाने में जुटे हुए हैं।

## पत्रकारों ने की थी पुरातत्व बचाने की पहल

पत्रकार भवन के समीप बने इस पुरातत्व महत्व के कुएं को बचाने की पहल प्रेस क्लब द्वारा की गई थी। चूने और पत्थर की सुंदर नक्काशी से बने इस कुएं को संरक्षित और उसके इतिहास को बचाने के लिए बकायदा बाउंड्रीवॉल कर एवं आस-पास पेवर्स लगाकर इस कुएं के इतिहास को लगभग बचाने का कार्य किया। लेकिन प्रशासन को पहल नागवार गुजर गई और उसने अतिक्रमण बताते कुए न केवल बाउन्ड्रीवॉल को हटवा दिया, बल्कि कुएं के नक्काशीदार पत्थर से सुसज्जित मुंडेर को भी तुगलकी अंदाज में तुड़वा दिया।

## क्या है मोहन सरकार की मंशा

मध्य प्रदेश सरकार ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत कुओं और बावड़ियों के संरक्षण के लिए बड़े पैमाने पर पहल की है, जिसमें हजारों पुरानी बावड़ियों और कुओं का जीर्णोद्धार, नए कुओं का निर्माण, और जनभागीदारी से सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि जल संरक्षण को बढ़ावा मिले और भूजल स्तर में सुधार हो सके। इस पहल के तहत, कई ऐतिहासिक बावड़ियों का जीर्णोद्धार कर उन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है और लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई जा रही है। लेकिन इससे ठीक उलट गुना जिला प्रशासन ने शहर के एतिहासिक कुएं पर जेसीबी चलवा दी।

पहले



थोड़े दिन पहले



## मोहन सरकार ने दी थी जनभागीदारी की प्रेरणा

- **जनभागीदारी:** प्रशासन ग्रामीणों और स्थानीय लोगों को श्रमदान के लिए प्रेरित कर रहा है और उन्हें जल संरक्षण की शपथ दिला रहा है, जिससे यह एक जन-आंदोलन बन सके।
- **तकनीकी और ऐतिहासिक महत्व:** पत्थरों की नक्काशी वाली प्राचीन बावड़ियों (जैसे भोपाल की बड़ी बावड़ी) के स्थापत्य और ऐतिहासिक महत्व को समझते हुए उनके संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है। अमृत-2 में इंदौर जैसे शहरों में ऐतिहासिक बावड़ियों (जैसे सूरजकुंड) को अमृत-2 जैसी योजनाओं के माध्यम से पुनर्जीवित किया जा रहा है।

## मोहन सरकार बनाम जिला प्रशासन

### सरकार


- **जल गंगा संवर्धन अभियान:** यह एक व्यापक अभियान है, जिसमें कुओं, बावड़ियों, तालाबों और अन्य जलस्त्रोतों के संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है।
- **जीर्णोद्धार और निर्माण:** वर्ष 2024 में 5672 पुरानी बावड़ियों और कुओं का जीर्णोद्धार किया गया।
- **कुओं का निर्माण :** 3751 नए कुओं का निर्माण किया गया है।
- सरकार ग्रामीणों और स्थानीय लोगों को श्रमदान के लिए प्रेरित कर रही है और उन्हें जल संरक्षण की शपथ दिला रही है, जिससे यह एक जन-आंदोलन बन सके।
- पत्थरों की नक्काशी वाली प्राचीन बावड़ियों (जैसे भोपाल की बड़ी बावड़ी) के स्थापत्य और ऐतिहासिक महत्व को समझते हुए उनके संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है।

VS

### गुना प्रशासन

- **कुआं तोड़ो अभियान:** जिला प्रशासन द्वारा पुराने कुओं को इन दिनों तोड़ा जा रहा है। उनके स्थान पर बेहतर कार्य किए जा सकते थे।
- **सेफ्टी का भी ध्यान नहीं :** पुराने कुओं से अतिक्रमण नहीं हटाए गए। शेष कुओं पर भी सेफ्टी का ध्यान नहीं। उन्हें लगातार भरने का कार्य किया जा रहा है।
- **हकीकत:** गुना शहर में संभवतः अब तक एक भी नए कुएं का निर्माण नहीं।
- अतिक्रमण के नाम पर जनभागीदारी को सिरे से नकार देने का कार्य किया और पुरातन कालीन कुएं एवं बावड़ियों को मटियामेट करने का काम किया।
- सिंधिया राजवंश काल के कुएं को पुर्नजीवित करने की वजाय मलबा डालकर भरने का कार्य किया जा रहा है।

सजीव




### इनका कहना है

कुएं में पानी का कोई स्त्रोत नहीं था। अब वहां आप सभी पत्रकारों के सहयोग से सेल्फी पाइंट बनाकर उस कुएं को संरक्षित करने का कार्य किया जाएगा।

**-मजुषा खत्री,** प्रभारी सीएमओ नगरपालिका, गुना

निर्जीव



### इनका कहना है

गुना की नगरपालिका को पूरे भारत में जल संरक्षण अभियान में प्रथम स्थान मिला तो पूरे शहर में खुशी की लहर थी। उससे प्रेरणा लेकर हमारे पत्रकार साथियों ने इस कुएं को पुर्नजीवित करने के साथ इसको ऐतिहासिक रूप प्रदान कर संरक्षित करने के लिए जनभागीदारी करने का प्रयास किया था। जिला प्रशासन ने हमारी भागीदारी को अतिक्रमण का नाम देकर पूरे कुएं को तहस नहस कर जनमानस एवं जानवरों को असुरक्षित कर दिया है। हम सभी पत्रकार इस कुएं को पुर्नजीवित करने के लिए जनसहयोग के माध्यम से मुहिम चलाएंगे।

**-आनंद सिंह लोढा,** अध्यक्ष प्रेस क्लब गुना

# गुना में हाईवोल्टेज ड्रामा: विधायक पन्नालाल शाक्य की गाड़ी रोक कांग्रेसियों ने बजाया घंटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा इंदौर जल त्रासदी मामले में पत्रकार के साथ की गई कथित अभद्र टिप्पणी का मामला अब प्रदेशव्यापी राजनीतिक चिंगारी बन चुका है।

इसी कड़ी में रविवार को गुना के राजनीतिक गलियारों में उस वक्त हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जब बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता स्थानीय विधायक पन्नालाल शाक्य के निवास का घेराव करने पहुंच गए। प्रदर्शन के दौरान स्थिति तब और रोचक हो गई जब विधायक कांग्रेसियों के पहुंचने की सूचना मिलते ही अपने वाहन से निकलने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने उनकी गाड़ी को रास्ते में ही रोककर घंटों की गूँज से आसमान सिर पर उठा लिया।

# सानई-बांसाहेड़ा रोड पर नाकबंदी कर बाइक सवार अंतरराज्यीय स्मैक तस्कर किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मृगवास थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गोपाल चौबे और उनकी टीम द्वारा राजस्थान की ओर से अवैध मादक पदार्थ स्मैक तस्करी की सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई है । दिनांक 03 जनवरी 2026 की रात्रि में मृगवास थाना पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि राजस्थान की ओर से हीरो स्प्लेण्डर मोटर सायकिल क्रमांक RJ20 ES 9696 पर दो व्यक्ति नशीला पदार्थ स्मैक लेकर सानई के रास्ते कुम्भराज की तरफ जाने वाले हैं । स्मैक तस्करी की इस सूचना को पुलिस ने गंभीरता से लिया और तस्करों की धरपकड़ हेतु तत्काल पुलिस चौकी सानई से पुलिस की एक टीम रवाना हुई । टीम द्वारा सानई-बांसाहेड़ा रोड़ स्थित पागड़ीघटा के रास्ते पर नाकाबंदी की गई एवं कुछ ही समय बाद मुखबिर के बताए हुलिए की मोटर सायकिल व व्यक्तियों के आने पर पुलिस फोर्स द्वारा उन्हें घेराबंदी कर दबोच लिया गया, पूछताछ पर उनके द्वारा अपने नाम बनबारीलाल उर्फ बना पुत्र गौरीलाल मीना उम्र 32 साल एवं उम्मेद सिंह पुत्र खेमचंद मीना उम्र 36 साल निवासीगण ग्राम खड़िया थाना हरनावदा शाहजी जिला बांरा राजस्थान के होना बताये एवं मुखिबर सूचना के आधार पर जिनकी विधिवत तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 51.50 ग्राम स्मैक बरामद हुई । आरोपियों से बरामद स्मैक अनुमानित कीमत 05 लाख रुपये एवं तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल कीमती 01 लाख रुपये सहित कुल 06 लाख रुपये का मसरुका विधिवत जप्त कर दोंनो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और जिनके विरुद्ध मृगवास थाने में अपराध क्रमांक 03/26, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है । आरोपियों के स्मैक तस्करी से जुड़े अन्य स्त्रोतों एवं संभावित नेटवर्क के संबंध में भी पुलिस द्वारा विस्तृत जांच की जा रही है ।

# एक साथ तीन दुकानों के ताले चटकाए, हजारों का माल ले उड़े

### चौराहे पर चोरों का दुस्साहस: पुलिस गश्त को ठेंगा




हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील इलाकों में शुमार हनुमान चौराहा बीती रात चोरों के दुस्साहस का गवाह बना, जहाँ अज्ञात बदमाशों ने पुलिस की रात्रि गश्त को खुली चुनौती देते हुए एक साथ तीन दुकानों के ताले तोड़कर हजारों रुपये के कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस सामूहिक चोरी की वारदात ने न सिर्फ व्यापारियों में दहशत फैला दी है, बल्कि शहर की सुरक्षा व्यवस्था की पोल भी खोलकर रख दी है।

## विवेक रेस्टोरेंट सहित तीन दुकानों में बेखौफ चोरी

पटेरिया भोजनालय के सामने स्थित दुकानों में हुई इस वारदात का खुलासा उस वक्त हुआ जब सुबह विवेक रेस्टोरेंट के संचालक विशाल (गोलू) राठौर को पड़ोसी दुकानदारों ने टूटे ताले होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचकर देखा तो नजारा चौंकाने वाला था—रेस्टोरेंट के साथ-साथ पास की दो अन्य दुकानों के भी ताले टूटे पड़े थे। चोर विवेक रेस्टोरेंट से एक भारी मसाला ग्राइंडर (पिसाई मशीन) पीतल के बड़े भगोने दो गैस सिलेंडर और अन्य कीमती सामान उठाकर ले गए। पीड़ित संचालक के अनुसार केवल उनकी दुकान से ही 60 से 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है, जबकि अन्य दुकानों का नुकसान अलग है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि हनुमान चौराहा लगभग पूरी रात जागता रहने वाला इलाका है, जहाँ वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। व्यापारियों का कहना है कि भारी ग्राइंडर और गैस सिलेंडर ले जाने के लिए चोरों ने वाहन का इस्तेमाल किया होगा, यानी बदमाश पूरी तैयारी और इत्मीनान से आए थे।ऐसे में सवाल उठता है कि रात्रि गश्त आखिर थी कहाँ?क्या चोरों को पुलिस का कोई खौफ नहीं रह गया। पीड़ित दुकानदार विशाल राठौर ने कैंट थाने में लिखित शिकायत देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जांच शुरू कर दी गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, लेकिन व्यापारियों का साफ कहना है कि सिर्फ जांच नहीं, ठोस नतीजे चाहिए।

### नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने दी हवन में आहुति, संत सियाराम महाराज ने दिया एकता और गो-सेवा का महामंत्र

# दुर्गा बस्ती में उमड़ा जनसैलाब, संतों की मौजूदगी में गूंजा सनातन का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना






राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों के तहत रविवार को सिसोदिया कॉलोनी वार्ड क्रमांक 2 स्थित डी.ओ. ऑफिस के पीछे दुर्गा बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। भक्ति, शक्ति और संगठन के इस संगम में हजारों की संख्या में हिंदू समाज के लोग जुटे, जिससे पूरा क्षेत्र भगवामय हो गया।

आयोजन की शुरुआत सुबह 10 बजे सुंदरकांड के सस्वर पाठ से हुई, जिसकी दिव्य चौपाइयों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता विशेष रूप से सम्मिलित हुए। सुंदरकांड के उपरांत नपाध्यक्ष और अरविंद गुप्ता ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कर राष्ट्र के कल्याण एवं हिंदू एकता की कामना की। नपाध्यक्ष सविता गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि हिंदू समाज का संगठित होना ही हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी शक्ति है और ऐसे आयोजन समाज में समरसता का भाव पैदा करते हैं। हवन के पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में जयघोष किया।सम्मेलन के मुख्य वक्ता संत श्री सियाराम जी महाराज पंचमुखी आश्रम ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से हिंदू समाज में चेतना का संचार किया। उन्होंने सनातन धर्म की महानता, गौ-माता की सेवा और हिंदुत्व के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। महाराज श्री ने आशीर्वाद देते हुए आह्वान किया कि हिंदू समाज को अपनी जड़ों से जुडक़र संगठित रहना चाहिए, तभी हम धर्म और संस्कृति की रक्षा कर पाएंगे।विराट भंडारे में उमड़े श्रद्धालुसम्मेलन के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहाँ हजारों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसादी ग्रहण की।

आयोजन समिति ने बताया कि पिछले एक माह से चल रही तैयारियों का ही परिणाम है कि आज वार्ड क्रमांक 2 के हर घर से लोगों ने इस सम्मेलन में हिस्सा लेकर हिंदू एकता का प्रमाण दिया है।

## समाचार संक्षेप

### ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय साइंस विंटर कैंप का हुआ समापन

**आरोन।** शनिवार को स्थानीय माधव विद्या मंदिर हाईस्कूल में ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय साइंस विंटर कैंप का समापन समारोह आयोजित हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी मुख्य वैज्ञानिक डॉ धर्वेंद्र सिंह रहे। इसके अतिरिक्त ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी के मध्यप्रदेश राज्य कमेटी के सदस्य कृष्णा बैरागी , शिवेंद्र रघुवंशी सर एवं सामाजिक कार्यकर्ता एम नायक भी अतिथि दीर्घा में मौजूद रहे। इस दौरान बात रखते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है। जो बच्चों में विज्ञान के तर्क एवं सिद्धांतों को आत्मसात करने के लिए इस प्रकार के कैंप एवं अन्य गतिविधियां आयोजित कर रहा है।मुख्य वक्ता श्री बैरागी ने विज्ञान के इतिहास एवं विभिन्न वैज्ञानिकों के जीवन संघर्ष को छोटी छोटी कहानियों के द्वारा बहुत ही रूचिपूर्ण तरीके से बच्चों के बीच रखा। इसके बाद सभी बच्चों को प्रमाणपत्र दिए गए।इसके पूर्व बच्चों के लिए कैंप में एक्सपेरिमेंट वर्कशॉप , साइंस क्विज एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें बच्चों ने बहुत ही उत्साह पूर्वक भाग लिया।अंत में कैंप प्रभारी योगेश सोनी एवं शिवम साहू ने सभी अतिथियों ,कैंप में आर्थिक सहायता प्रदान करने वालों एवं सभी वालंटियर का उनके सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।




### गायों को ठंड से बचाने की कोशिशः समाज सेवियों ने खिलाए औषधि युक्त लड्डू

**आरोन।** क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इंसानों के साथ ही पशु भी मौसम की मार झेल रहे हैं। आरोन में गौवंश को ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए गौ सेवकों ने अपनी टीम के साथ शहर की सड़कों पर मौजूद गौवंशों को औषधी युक्त हरिला खिला रहे हैं। यह कार्य जनसेवा टीम कई वर्षों से करती आ रहे है। मिथुन शर्मा ने बताया कि मूक पशुओं को ठंड से बचाने के लिए उन्हें ओषधि युक्त हरिला खिलाए जा रहे हैं। गौ सेवा परिवार की टीम मूक पशुओं को अलाव जलाकर ठंड से बचाने का प्रयास भी कर रही है। टीम के सदस्य सभी गायों को हरिला खिला रहे हैं ताकि वो कड़ाके की ठंड का सामना कर सकें। गौ सेवा परिवार जनसहयोग से यह अभियान चला रहा है, जो कि आगे भी जारी रहेगा। लोग गुड़ और अन्य सामग्री के रूप में टीम को सहयोग कर रहे हैं। रविवार को गौशाला में समाज सेवियों की मदद से 100 किलो के हरीला तैयार गुड, चापर, सरसों तेल, सौंठ, अजवाइन, हल्दी, देशी घी, पीपल व अन्य औषधीय सामग्री मिलाकर तैयार किया है।इस मौके पर राहुल जैन,मिथुन शर्मा , अरविंद यादव, मोनू यादव, राजवीर यादव, सौरव यादव, संदीप यादव, कान्हा पाल, कान्हा कुशवाह, उमंग प्रजापति, सोनू पाल,राहुल पटेल, राजेश शास्त्री, गौरव जैन भूमरिया,अनिल जैन भुजरिया, पुराणचंद शिवहरे, बंटी बैरागी, रविंद्र रघुवंशी,अनिमेष जैन बहुआ, सौरव शर्मा, अमन साहू आदि का सहयोग रहा।



33वी स्वर्गीय राजेंद्र सिंह रघुवंशी स्मृति टेनिस बॉल 8 विकेट क्रिकेट जारी

# राजा मोबाइल, फ्रेंड्स क्लब और किंग आफ आवरी अशोकनगर ने जीते अपना मैच



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

33वी स्वर्गीय राजेंद्र सिंह रघुवंशी स्मृति टेनिस बॉल 8 विकेट क्रिकेट टूर्नामेंट 4 जनवरी 2026 को पहले राउंड के मैच खेले गए। आयोजक राम कुमार रघुवंशी ने बताया रविवार के दिन 4 मैच खेले गए जो काफी रोमांचक रहे पहला मैच राजा मोबाइल क्लब vs छत्रपति शिवाजी राजे क्लब के मध्य खेल गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए राजा मोबाइल क्लब ने निर्धारित आठ ओवर में 82 रन का लक्ष्य रखा जिसमें राहुल ने 13 गेंद 30 में रन बनाए जवाबी पारी में छत्रपति शिवाजी राजे क्लब बल्लेबाजी करने आई 8 ओवरों में 67 रन पे ऑल आउट हो गई ही यह मैच राजा मोबाइल क्लब ने 14 रन से जीता छत्रपति शिवाजी राजे क्लब की और से लक्की पठान ने 14 गेंद में 30 रन की पारी खेली आज के दिन का दूसरा मैच फ्रेंड्स क्लब आरोन vs एयरपोर्ट क्लब के बीच खेला गया।

जिसमें एयरपोर्ट क्लब टॉस जीत कर ने फील्डिंग करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करने आई फ्रेंड्स क्लब आरोन ने निर्धारित 8 ओवर में 4 विकेट पे 100 रन का लक्ष्य रखा जिसमें अतुल ने 16 गेंद में 34 रन की आतिशी पारी खेली जवाबी पारी में बल्लेबाज़ी करने आई एयरपोर्ट क्लब 50 रन पे ऑल आउट हो गई यह मैच फ्रेंड्स क्लब आरोन ने 49 रन के अंतर से जीता आज के दिन के तीसरे मैच किंग ऑफ आवारी अशोकनगर vs प्रेम मेडिकल स्टोर के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी प्रेम मेडिकल ने निर्धारित 8 ओवरों में 75 रन का लक्ष्य रखा ।

प्रेम मेडिकल स्टोर की और से रवि ने 4 छक्के लगाकर 12 गेंद में 37 रन की आतिशी पारी खेली जवाबी बल्लेबाजी करने उतरी किंग ऑफ आवरी अशोकनगर ने 7.2 ओवरों में 4 विकेट खोकर 75 रन का लक्ष्य हासिल किया । किंग ऑफ आवरी अशोकनगर की और से संजीव समर ने 15 गेंद में 30 रन की पारी खेली आज के दिन का चौथा मैच लोधी शूज किंग 11 vs आरोन 11 के मध्य खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करने आई लोधी शूज किंग 11 ने निर्धारित 8 ओवरों में 81 रन का लक्ष्य रखा जवाबी पारी उतरी आरोन 11 ने 50 रन पे ऑल आउट हो गई ।

यह मैच लोधी शूज किंग 11 ने 30 रन से जीता आयोजक राम रघुवंशी ने बताया आज के दिन के मैच के अंपायर रहे गौरव डागोरिया और संजीव धारू मैच के स्कोरर रहे । लक्की छारी और आर्यन राजपूत कमेंटेटर रहे सादिक खान और राम रघुवंशी रहे।

# चाचौड़ा-बीनागंज नगर परिषद ने पेयजल सुरक्षा पर बढ़ाई सतर्कता

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

नगर निगम इंदौर में हाल ही में हुई दिल दहलाने वाली घटना, जिसमें सीवेज लाइन का पानी नलजल में मिलने से 15 बच्चों की मृत्यु हो गई और अनेक लोग बीमार पड़े, ने पूरे प्रदेश को चिंतित कर दिया है। इस घटना ने प्रदूषित पेयजल से उत्पन्न होने वाले खतरों को एक बार फिर गंभीरता से सोचने पर विवश कर दिया है।इसी घटना को ध्यान में रखते हुए चाचौड़ा–बीनागंज नगर परिषद भी पूर्णतः सतर्क हो गई है। नगर में कहीं भी पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त न हो, कहीं सीवेज अथवा गंदा पानी नलजल में न मिले—इसके लिए नगर परिषद द्वारा व्यापक निरीक्षण अभियान प्रारंभ किया गया है।टूटी पाइपलाइन एवं गलियों में जल आपूर्ति लाइनों की विशेष जाँच की जा रही है।नगर परिषद चाचौड़ा–बीनागंज केसीएमओ त्रयंबकेश्वर शर्मातथाइंजीनियर दीपक धाकड़द्वारा पेयजल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। दोनों अधिकारियों ने स्वयं उपस्थित होकर चारानपुरा स्थित पेयजल फिल्टर प्लांट की संपूर्ण सफाई एवं रखरखाव कार्य का निरीक्षण किया।इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दोनों नगरों के नागरिकों को पूर्णतः शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल प्राप्त हो।



# एचआईवी को लेकर किया लोगों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के आदेशनुसार एवं कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी गुना के निर्देश अनुसार जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. अनुराग जैन जिला गुना सिविल हॉस्पिटल आरोन सी.बी एम.ओ. डा. केएन भिलवारे फैमली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया टी.आई से मैनेजर डायरेक्टर नीलम दीक्षित के मार्गदर्शन में रविवार को मोबाइल बीटी वेंन के माध्यम से आउटरीच कैंप का आयोजन किया गया ।जिसमें पनबड़ी हाट के क्षेत्र में सीबीएस कैंप के माध्यम से आउटरीच कर टी बी के सस्पेक्टेड लोगो के सेंपल लिए गए जिसमें टीबी एवं एचआईव्ही कि टेस्टिंग की गई टोटल स्क्रीनिंग 70 लोगो की हुई । कैंप में सिविल हॉस्पिटल आरोन से खलक सिंह यादव ,टीआई से ओआरडब्ल्यू विशाल सोनी , पल्लवी सोनी ,लीला भिलाला, अर्जुन साहू उपस्थित रहे ।




# राघौगढ़ जल प्रदाय संयंत्र व इंटेक वेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

नगर पालिका राघौगढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव द्वारा गोपी कृष्ण सागर बांध स्थित जल शोधन संयंत्र एवं इंटेक वेल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जल प्रदाय योजना के संचालन एवं संधारण (ऑपरेशन एवं मेनटेनेंस) से संबंधित व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन कर श्री यादव द्वारा संबंधित ऑपरेशन एवं मेनटेनेंस का कार्य कर रही कंपनी पी सी स्नेल एवं उपयंत्री मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेन कम्पनी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। 'उन्होंने नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पानी की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिसमें फिल्टर प्लांट की नियमित रूप से साफ-सफाई,जल शुद्धिकरण में प्रयुक्त केमिकल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होना एवं उसका लॉग बुक संधारण अनिवार्य रूप से करने,नियमानुसार पेयजल की नियमित टेस्टिंग कराई जाने,फिल्टर बेड की नियमित सफाई एवं बैक वॉशिंग समय-समय पर सुनिश्चित किए जाने, जल प्रदाय व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु पर्याप्त स्टाफ की उपलब्धता बनाए रखने के साथ-साथ कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति (हाजरी) ली जाए एवं अभिलेख संधारित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल प्रदाय कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा निर्देशों का पालन न होने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।नगर पालिका परिषद् द्वारा आम नागरिकों को निर्बाध, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सतत निगरानी एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्य जारी रहेंगे।





# हिंदुओं को एक होकर भारत माता की रक्षा के लिए समर्पित होना होगा

## गायत्री बस्ती में हिंदू सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

एकता ही हमको मजबूत करेगी और भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए अग्रसर करेगी। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष पर गायत्री बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में अंतर्राष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हिंदुओं को एक होकर भारत माता की रक्षा के लिए समर्पित होना होगा। इसके लिए हर घर से एक हिंदू को सनातन धर्म एवं भारत माता की रक्षा के लिए समर्पित करना होगा मंच पर उपस्थित विश्वहिंदू परिषद गुना मंडल विभाग संगठन मंत्री वीर सिंह ने अपने उद्बोधन में समस्त हिंदू जनमानस एक होने की बात कही इसके पूर्व सकल हिंदू समाज द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा दुबे जी के बाड़ा सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर अस्पताल चैराहा तायडे कॉलोनी रोड बाईपास शनि मंदिर पछाड़ी खेड़ा रोड से होते हुए सिद्धेश्वर हनुमान जी के मंदिर दुबे जी के बाड़ा पर पहुंची। जहां हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें संतों के प्रवचन के साथ भंडारे का आयोजन भी किया गया सम्मेलन में में गायत्री बस्ती के संयोजक देवेंद्र जैन ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया सम्मेलन को डॉक्टर साधनाभार्गव एवं अंजू यादव ने भी संबोधित किया। इस दौरान गायत्री बस्ती के सभी हिंदू परिवार, दिलीप रघुवंशी, बबलू यादव, डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी, डॉ जयमंडल यादव, प्रहलाद यादव, मनु दुबे, सतीश रघुवंशी, सोनू ठाकुर, रवि झा, सावित्री,गंगा रघुवंशी, कमलेश यादव, योगेंद्र रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।





### पटवारी संघ अशोकनगर ने आदिवासी बस्ती में बांटे कंबल और गर्म कपड़े

**अशोकनगर।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए पटवारी संघ जिला अशोकनगर द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत एक सराहनीय पहल की गई है। रविवार को पटवारी संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने आदिवासी ग्राम सुमेर चक्क पहुँचकर जरूरतमंद परिवारों एवं बच्चों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया।

इस सेवा कार्य के दौरान ग्राम के निर्धन परिवारों को ठंड से बचाव हेतु कंबल प्रदान किए गए। साथ ही, बच्चों को गर्म कपड़े, मौसमी फल और बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में भीषण ठंड का दौर जारी है, ऐसे में समाज के उन वर्गों की मदद करना हमारा कर्तव्य है जो आर्थिक अभाव के कारण गर्म कपड़े खरीदने में असमर्थ हैं। इस अवसर पर पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी, जिला सचिव मनीष सैन, कोषाध्यक्ष राजेश नामदेव एवं अशोकनगर तहसील अध्यक्ष अरविंद पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही संघ के अन्य पटवारी साथियों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई और ग्रामीणों का हाल-चाल जाना। पटवारी संघ की इस मानवीय पहल की ग्रामीणों ने सराहना की है। संघ ने भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया है।

घंटा बजाकर सरकार के प्रतिनिधियों को जगाया

# शहर में कांग्रेस ने इन्दौर की घटना को लेकर कैंडल मार्च निकाला



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

मध्यप्रदेश के इन्दौर शहर में सीवेज लाईन का पानी लोगों के घरों तक पीने के लिए पहुंचने के बाद अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है और अनेकों का उपचार जारी है। जिसे लेकर कांग्रेस ने कैन्डल मार्च निकाला और सरकार के जनप्रतिनिधियों के घरों के बाहर घण्टा बजाकर उन्हें जगाने का प्रयास किया। इस दौरान कांग्रेस जन चन्देरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी के आवास पर पहुंचे जहां पुलिस ने उन्हे रोक लिया। बाद में वह दूसरी गली से पहुंचे और घण्टा बजाया।

इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि इन्दौर में जो घटना हुई है उसमें जहरीला पानी पीने से 16 लोगों की मौत हो गई है। जिम्मेदारों से सवाल पूछने पर उन्होंने पत्रकारों को घण्टा जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। मध्यप्रदेश के नगरीय निकाय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह ने कहा कि भाजपा के नेता इस घटना के होने के बाद भी अपने घरों में गहरी नींद में सो रहे हैं उन्हें हम जगाने का काम कर रहे हैं। हमने विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी के निवास पर पहुंचकर उन्हें घंटा बजाकर जगाने का प्रयास किया।

# सकल हिन्दू समाज सम्मेलन वक्ताओं ने रखे विचार



**अशोकनगर।** रविवार को नईसरायं के हायर सेकंडरी स्कूल में सकल हिन्दू समाज सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में हिंदू समाज लोग मौजूद रहे। सम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदू समाज की एक जुटता, पर्यावरण संतुलन, शिक्षा और मुस्लिम देशों में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार जैसे ज्वलंत मुद्दों पर प्रकाश डाला।

सम्मेलन की शुरुआत शीतला माता मंदिर से कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। कलश यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां वक्ताओं ने सम्मेलन को संबोधित किया। पूर्व सांसद केपी यादव की पत्नी और वरिष्ठ समाजसेवी अनुराधा यादव ने कहा कि, हिन्दू समाज की एक जुटता आज समय की जरूरत है। व्यक्ति कितनी भी प्रगति करे उसे अपना धर्म, संस्कार और संस्कृति को कभी नहीं भूलना चाहिए। अपने संबोधन ने अनुराधा यादव ने पर्यावरण संरक्षण के बारे में भी बताया।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता तरुण रस्तोगी ने कहा कि, हिंदुस्तान ने लगभग एक हजार साल की गुलामी झेली है। यह गुलामी हिंदुओं की आपसी फूट का परिणाम थी। आज पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी एक फीसदी से भी कम रह गई है। हमें इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में अनियमित प्रभार और आहरण को लेकर मिली विसंगतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

अशोकनगर जिले के चारों विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी (बीईओ)कार्यालयों में स्थायी बीईओ की पदस्थापना न होने के कारण व्यवस्था संचालन में गंभीर विसंगतियां व्याप्त हैं। एक एक के पास 4 4 के प्रभार हैं जिसके कारण कोई भी एक काम ठीक तरह से नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं।

### दोहरे प्रभार की विसंगति

चंदेरी और ईसागढ़ विकासखण्डों में बीईओ का प्रभार उच्च माध्यमिक शिक्षकों (सुरभि जैन तथा राजेश यादव) के पास है, जबकि आहरण अधिकार शासकीय उत्कृष्ट उमावि अशोकनगर के व्याख्याताओं (अनिल खंतवाल तथा अभय जैन) के पास हैं। इस प्रकार एक ही कार्यालय का कार्य दो अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिससे समन्वय और कार्यक्षमता प्रभावित होती है।




### नियमों का उल्लंघन

मुंगावली में बीईओ और आहरण अधिकार दोनों का प्रभार श्याम बिहारी शर्मा (उच्च माध्यमिक शिक्षक) के पास है। यह नियम विरुद्ध है, क्योंकि आहरण अधिकार नियमानुसार केवल व्याख्याता को ही दिए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, शर्मा के पास शासकीय उत्कृष्ट उमावि मुंगावली के प्राचार्य का भी प्रभार है और वह शासकीय हाई स्कूल पठारी में पदस्थ हैं। इस तरह एक ही व्यक्ति के पास तीन-तीन प्रभार होने से किसी भी कार्य में पूर्ण न्याय नहीं हो पा रहा है।

### अशोकनगर बीईओ की स्थिति

अशोकनगर बीईओ चंद्रशेखर सिसोदिया के पास जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) का प्रभार भी है। वह बीईओ कार्यालय में उपस्थित नहीं होते हैं, जिससे स्थानीय कार्यालय का कार्य प्रभावित होता है।

### विसंगतियों को दूर करने की मांग

गुना जिले की तर्ज पर अशोकनगर जिले के चारों विकासखण्डों में बीईओ का प्रभार एक ही व्यक्ति को, आहरण अधिकार सहित, प्रदान किया जाए। चूँकि आहरण अधिकार व्याख्याता को ही दिए जाने का नियम है और जिले में व्याख्याताओं की कमी नहीं है, अतः तत्काल प्रभाव से चारों विकासखण्डों में चार

# कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭शाढ़ौरा

शाढ़ौरा के देव गार्डन में कांग्रेस के नव नियुक्त ब्लाक अध्यक्ष सोनू रघुवंशी कुन्दौरा के नेतृत्व में प्रथम बार बैठक आयोजित की गई। टेकरी सरकार की जयकारों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया, सर्व प्रथम भारत देश की महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती पर दीप प्रज्ज्वलित कर वन्दे मातरम् गीत के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।

इस शुभ अवसर पर विधानसभा प्रभारी रामू गुर्जर, हरिबाबू राय विधायक जिला अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाहा, रितेश आजाद जैन, दसरथ सिंह दादा वरिष्ठ कांग्रेस शाढौरा संपूर्ण ब्लाक से पाधारे सभी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ जन कार्य कर्ता उपस्थित हुए। सभी ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन में शिवराज करख्या ने किया आभार व्यक्त सोनू रघुवंशी कुदौरा ब्लाक अध्यक्ष शाढ़ौरा ने किया, कार्य क्रम समापन के बाद भोजन ग्रहण किया।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से भैंस की मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम बरखेडा जागीर निवासी हेमन्त गिरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कार क्रमांक एमपी 67 सी 4590 के चालक ने सावरिया ढाबे के पास विदिशा रोड पर अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी भैंस को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई।

### जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिल के नईसरायं थाने के अंतर्गत पुलिस ने सरकारी स्कूल के पीछे ग्राम मढी में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए तीन को गिरफ्तार किया है। जिनमें नरेन्द्र कुशवाह, अनिल रघुवंशी और शिवसिंह शामिल हैं। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 12500 रूपए बरामद किए हैं।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिनोतिया पछार निवासी चिमनलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पप्पू और मांगीलाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम श्यामाटोरा निवासी रामसिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजपाल, शिशुपाल, और राजा अहिरवार ने कुल्हाडी से हमला कर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्राणपुर निवासी आशाबाई कौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आनंद,अरबिंद, पुष्पेन्द्र और हब्बन कौली ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम विक्रमपुर निवासी लक्ष्मीबाई रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति मुकेश रैकवार ने पारिवारिक विवाद के चलते लोहे की आरी से गले पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें उसे चोटे आई हैं। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमनचार निवासी भूरीबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रताप और सरजूबाई अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सरजूबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कैलाश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### पिपरई के वार्ड क्रमांक 5 को जल्दी मिलेगी धूल से मुक्ति



**पिपरई।** नगर के वार्ड क्रमांक 5 की जनता की बहुत दिनों से माँग चल रही थी की बार्ड की गलियों मे पानी भरा रहता है सी.सी. कार्य किया जाये तो बार्ड बासी की समस्या को पार्षद साधना ताँबरे ने बार बार नगर परिषद अध्ययक्ष को बताया तो अब बार्ड मे सी, सी, का निर्माण कराया जा रहा है। पार्षद प्रतिनिधि रामचरण तांबरे ने मौके पर पहुंचकर ठेकेदार को दिशा निर्देश किया और क्वालिटी की जांच की। मोहल्लों में सीसी (सीमेंट कंक्रीट खड़ंजा) सड़क बनने से लोगों को कीचड़ और जलभराव से मुक्ति मिलेगी। सड़क बनने के बाद बारिश के दौरान होने वाले कीचड़ और जलभराव की समस्या खत्म हो जाएगी। इससे ग्रामीणों को पैदल चलने और वाहन चलाने में आसानी होगी।

### राजपुर में शंका समाधान का कार्यक्रम संपन्न

**राजपुर।** राजपुर में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के पंचम दिवस रविवार को मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज जी ने शंका समाधान का लाभ नगर वासियों को दिया। समस्त नगर वासियों ने अपने अपने प्रश्न मुनि श्री के समक्ष रखे, जिनका समाधान मुनि श्री ने किया। दोपहर 1 बजे भरत चक्रवर्ती जी की दिग्विजय यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई, यात्रा में जगह जगह मिष्ठान वितरित किए गए।

## अस्पताल में मरीजों के बेडों पर नहीं चादर, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# जिले में लगातार सर्द हवाओं से जन जीवन अस्त-व्यस्त, बढ़ रहे मरीज





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में एक ओर सर्द हवाएं चल रही हैं और तापमान में लगातार गिरावट आती जा रही है रविवार को अशोकनगर का तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस रहा। इस ठण्ड के मौसम में मरीजों को जिला अस्पताल में ठण्ड से बचाव के साधन न होने से परेशान होना पड़ रहा है मरीजों के बेड पर चादर नहीं है, अलाव की कोई व्यवस्था नहीं है, रात और दिन काम करने वाले कर्मचारियों के पास हीटर की सुविधा भी नहीं हैं।

जिला अस्पताल अशोकनगर में इन दिनों मौसमी बीमारियों को लेकर प्रतिदिन महिलाएं और साथ में उनके बच्चे तो पहुंच ही रहे हैं इसके अलावा अन्य रोगियों को भी ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दो दिनों से शहर में सर्द हवाएं चल रही हैं सुबह शहर में कोहरा और ओस छाई रहती है ऐसी स्थिति में जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को पर्याप्त ठण्ड से बचाव के संसाधन नही मिल रहे हैं। अस्पताल के गददे रैगजीन के है जिन पर चादर नहीं है मरीजों को तो कंबल अस्पताल में मिलते हैं लेकिन जो परिजन आते हैं उन्हें इस तरह की कोई व्यवस्था नही है अगर अस्पताल परिसर में अलाव की व्यवस्था किए जाने के साथ वार्डों में और नर्सिंग स्टाफ के लिए भी हीटर के इंतजाम किए जाना चाहिए ताकि अस्पताल में मरीजों का ठण्ड से बचाव हो सके।

### हनी पैथोलॉजी चल रही थी घर में ही, मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की

रात्रि के समय पैथोलॉजी से संबंधित घटित घटना के संज्ञान में आने पर डॉ. सी.पी. यादव, जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं गठित जांच दल के सदस्य जांच हेतु रविवार को हनी पैथोलॉजी थूवोन रोड पर पहुंचे। हनी पैथोलीजी पर चस्पा सूचना अनसार उक्त पैथोलॉजी थूवोन रोड अशोकनगर पर संचालित न होकर वार्ड नं.07 शंकर कॉलोनी अशोकनगर में संचालित है। उक्त स्थान पर पहुंचने पर पाया गया कि राजेश ओझा स्वंय के मकान में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी एजेन्ट के रूप में मकान के बाहर के कमरे में झोलाछाप चिकित्सक के रूप में कार्य करने एवंएवं अवैध रूप से पैथोलॉजी का संचालन करते पाये गये। संचालक राजेश ओझा से पैथोलॉजी संचालन एवं क्लीनिक संचालन से संबंधित दस्तावेज चाहे जाने पर पैथोलॉजी संचालक द्वारा दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये जाने पर एवं झोला छाप चिकित्सक के रूप में कार्य करने पर कमरे में ईलाज हेतु रखी गईं दवाईयां जप्त की गई। अन्दर कमरे में पैथोलॉजी जांच में इस्तेमाल की जा रही मशीने पाये जाने पर पंचनामा तैयार कर अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुये हनी पैथोलॉजी लैब एवं कलीनिक को सील कर दिया गया है एवं वैधानिक कार्यवाही हेतु प्रकरण तैयार कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### जिले भर में चल रहे है झोला छाप डॉक्टर

अगर झोला छाप डॉक्टरों की बात करें तो शहर की ऐसी कोई वस्ती नहीं है जिसमें दो से 5 झोला छाप डॉक्टर न हों, यह झोला छाप डॉक्टर वहीं है जो पहले बड़े डॉक्टरों के यहां कम्पाउंडरी करते हैं और बाद में स्वयं का क्लीनिक खोलकर बैठ जाते हैं। जिस पर अस्पताल और डॉक्टर का नाम लिखा रहता है। जिन डॉक्टरों की दुकानें चल रही हैं उनके बारे न्यारे हैं। ऐसा ही खेल पैथालॉजी के क्षेत्र में चल रहा है। हर पैथालॉजी के बाहर नियमों की सूची लगना चाहिए। सीएमएचओं की आज्ञा से संचालित होने का बोर्ड लगना चाहिए लेकिन यहां ऐसा कुछ नही है। जिले में 108 वाहनों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने और समय समय पर इनकी जांच न किए जाने पर हरि भूमि में प्रकाशित खबर के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अल्का त्रिवेदी द्वारा मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के साथ डीसीएम आनंद माथुर को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

इन आदेशों में कहा गया है कि अशोकनगर जिले में संचालित जननी वाहन एवं 108 एम्बुलेंस वाहनों का सुपरवीजन आपके द्वारा किया जाना था किन्तु उक्त वाहनों का लगातार सुपर वीजन नही किया गया है जिसके कारण एम्बुलैंस वाहनों में स्ट्रेक्चर, प्राथमिक उपचार किट, आदि का व्यवस्था उपलब्ध नहीं पाई जा रही है। जिसे लेकर उन्होंने संबंधितों से कारण बताओ नोटिस का दो दिन में जवाब मांगा है।

## थाना प्रभारी ने कहा- रिपोर्ट का इंतजार

# ग्रामीणों ने पशु की हत्या का आरोप लगाया



**अशोकनगर।** 2 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम आवंरी माफी के ग्रामीणों ने देहात थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को एक आवेदन सौंपा है जिसमें ग्रामीणों का आरोप है कि पशु की लट्ठ मारकर हत्या की गई है और उसे खेत से बाहर फेंक दिया गया।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक पशु का पंचनामा बनाया, पशु पालन विभाग के डॉक्टरों से शव परीक्षण कराने क बाद मृतक पशु को गडडा खोदकर दफनाया गया। इसके बाद आवंरी माफी के ग्रामीण गांव के सरपंच प्रतिनिधि के साथ देहात थाना पहुंचे। जहां प्रत्यक्ष दर्शियों द्वारा पुलिस को बताया गया है कि गांव से एक बे सहारा पशु को एक व्यक्ति द्वारा मारा गया है आरोप कांग्रेस नेता बली सिंह पर लगाए गए हैं। उसके खेत में घुस जाने पर उनके द्वारा लाठियों से मार मार कर हत्या कर दी। मृतक पशु को गांव के सरकारी स्कूल के पीछे फेंक दिया गया। 50 से 60 ग्रामीण सरपंच परिवार के साथ शिकायत करने देहात थाने पहुंचे थे जहां थाने में शिकायतकर्ताओं से लिखित आवेदन लिया गया। देहात थाने के टीआई भुवनेश शर्मा ने बताया कि आंवरी मांफी गांव से जानकारी मिली थी कि गांव में एक पशु को लाठियों से मार कर हत्या की गई जिस पर से देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार करवाकर। कुछ ग्रामीण आवेदन लेकर आए थे जिसमें नाम दर्शाए गए हैं। पुलिस जांच कर रही है जो मेडिकल रिपोर्ट आएगी उस आधार पर संबंधित पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। पशुचिकित्सक डॉ. शिवेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने बछड़े का पोस्टमार्टम किया है बछड़े के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं है।

### कलेक्टर ने अशोकनगर से करीला धाम की साईकिल से की यात्रा



**अशोकनगर।** इस समय लोग अपने घरों में ठण्ड से सिकुड़ रहे हैं उनसे गर्म कपड़े छोड़े नहीं जाते इसके विपरीत अशोकनगर कलेक्टर आदित्य सिंह इस कड़कड़ाती ठण्ड में रविवार के दिन जिले के प्रसिद्ध करीला धाम में माता के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मंदिर स्थल पर आयोजित होने वाले मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## चंदेरी महाविद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रविवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित कोर्स बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू की कक्षा का संचालन शासकीय माधव महाविद्यालय चंदेरी में हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान एवं विकासखंड समन्वयक दीपक पटेरिया की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन किया गया।

जिसमें वाद-विवाद (पक्ष-विपक्ष) दो टीम बनाकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक परामर्शदाता स्वदेश समैया, मनीषा सोनी, दुर्गेश ओझा सुभाष बैरागी, प्रहलाद लोधी रहे प्रतियोगिता विभिन्न विषयों पर आधारित जैसे शिक्षा, पलायन, धर्मांतरण, पशुपालन, डिजिटल मार्केटिंग जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं मध्य प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार की योजनाओं आदि विभिन्न विषयों पर छात्रों के द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। (पक्ष विजेता) बीएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष की छात्रा कशिश पाठकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान एमएसडब्ल्यू के छात्र तिलक सिंह यादव एवं तृतीय स्थान संतोषी रायकबार ने किया (विपक्ष विजेता) प्रथम स्थान एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष छात्र अजय थानोरिया द्वितीय स्थान एमएसडब्ल्यू फस्ट ईयर की छात्रा रश्मि कुशवाहा एवं तृतीय स्थान रामकुमार सेन ने प्राप्त किया कार्यक्रम के पश्चात छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



### चीता पुलिस की सक्रियता से मात्र 1 घंटे में गुमशुदा मासूम बालक को परिजनों से मिलाया

**अशोकनगर।** रविवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली अंतर्गत चीता मोबाइल-01 में तैनात आर.161 अभयराज रघुवंशी एवं आर. 589 विशाल पारदी द्वारा त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही करते हुए एक 04 वर्षीय गुमशुदा मासूम बालक को मात्र 01 घंटे के भीतर उसके माता-पिता से सकुशल मिलाया गया। उल्लेखनीय है कि रविवार को ड्यूटी के दौरान कंट्रोल रूम अशोकनगर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गांधी पार्क क्षेत्र में एक 04 वर्षीय बच्चा अकेला रोते हुए घूम रहा है, जिसे अपने घर का पता ज्ञात नहीं है। सूचना के तत्काल पालन में चीता मोबाइल स्टाफ मौके पर पहुँचा, जहाँ गांधी पार्क में यातायात व्यवस्था संभाल रहे प्र.आर. नवल रावत के पास उक्त बालक सुरक्षित मिला। पुलिस कर्मियों द्वारा मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बच्चे को बिस्किट व चिप्स खिलाकर शांत कराया गया। स्नेहपूर्वक बातचीत करने पर बच्चे ने अपना नाम अयांश मौर्य, पिता का नाम अशोक कुमार मौर्य बताया तथा पते के रूप में केवल वर्धमान स्कूल का उल्लेख किया। इसके पश्चात महावीर कॉलोनी स्थित वर्धमान स्कूल पहुँचकर आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। बच्चे को आसपास की गलियों में घुमाने पर एक गली के मोड़ पर उसे तलाश करते हुए उसके माता-पिता मिल गए। माता-पिता को देखते ही बच्चा दौड़कर अपनी माँ के गले से लिपट गया। पूरी तस्दीक उपरांत गुमशुदा बालक को उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया।

## सब तज भजन करू दिन-राती सुग्रीव के वैराग्य प्रसंग पर भावुक हुए श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा

नगर के मंगल मैरिज गार्डन में आयोजित नौ दिवसीय भव्य श्रीराम कथा के आठवें दिन भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी प्रवाहित हुई। सुप्रसिद्ध कथावाचक पूज्य अष्टावक्र जी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से सुग्रीव शरणागति और प्रभु राम की अटूट प्रतिज्ञा का ऐसा मार्मिक चित्रण किया कि उपस्थित जनसमूह भक्ति के अथाह सागर में डूब गया।

**सांप की पूंछ पर पैर और प्रभु का अमोघ बाण** गोस्वामी तुलसीदास जी की अमर चैपाइयों की व्याख्या करते हुए महाराज श्री ने प्रभु राम की असीम शक्ति का बोध कराया। उन्होंने एक अत्यंत सटीक दृष्टांत देते हुए कहा कि जिस प्रकार टेढ़ा चलने वाला सांप भी यदि पूंछ पर पैर पड़ जाए तो सीधा हो जाता है, ठीक उसी प्रकार प्रभु राम ने अपनी शक्ति और कौशल से बाली के भीषण अहंकार को एक ही क्षण में सीधा कर दिया। महाराज जी ने कहा, राम जी जानते थे कि बाली रूपी सर्प का उपचार क्या है। उन्होंने भयभीत सुग्रीव में आत्मविश्वास जगाते हुए कहा कि तुम उसे ललकारो, मेरा एक ही बाण उसे उसके अहंकार से मुक्ति दिला देगा।

कथा के सबसे मार्मिक प्रसंग में महाराज जी ने सुग्रीव के तत्व ज्ञान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे प्रभु की शरण में आते ही व्यक्ति का दृष्टिकोण बदल जाता है। सुग्रीव ने प्रभु से कहा हे राघव तत्व दृष्टि से देखूं तो यह जगत ही मिथ्या है, और जब जगत नहीं तो बाली कहाँ? और जब बाली नहीं तो शत्रु कैसा? सुग्रीव ने यहाँ तक स्वीकार किया कि बाली तो उनका परम हितैषी निकला, क्योंकि यदि वह दुख न देता और राज्य से न निकालता, तो उन्हें प्रभु के चरणों की शरण कभी प्राप्त न होती।

**सब तज भजन की पुकार और लक्ष्मण जी की मुस्कान** सुग्रीव की व्याकुलता और प्रार्थना अब प्रभु कृपा करहु एहि भांति, सब तज भजन करौ दिन राती की व्याख्या करते हुए अष्टावक्र महाराज ने सांसारिकता पर गहरा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यहाँ सब का अर्थ उस मोह-माया रूपी मृतप्राय वस्तु से है जिसे त्यागना कल्याण के लिए अनिवार्य है। घर-परिवार और सांसारिक आसक्तियों को त्याग कर निरंतर प्रभु का भजन ही जीवन का अंतिम सत्य है। सुग्रीव के इस प्रगाढ़ वैराग्य और समर्पण को देख लक्ष्मण जी भी अपनी मुस्कान रोक न सके।

## शहर ने सुरभि नामदेव का स्वागत कर सम्मान समारोह आयोजित किया

# वुशु खिलाड़ी सुरभि उच्च शिक्षा विभाग में खेल अधिकारी बनी





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले की होनहार वुशु खिलाडी सुरभि नामदेव के उच्च शिक्षा विभाग में खेल अधिकारी के पद पर प्रथम वार नगर आगमन पर वुशु टीम और सुरभि के परिवार ने रेल्वे स्टेशन भव्य स्वागत किया एवं वुशु खिलाड़ियों ने रैली निकालकर ढोल नगाड़ों पर डांस करते हुए खुशियाँ मनाई। जिसे लेकर स्थानीय वेदांत भवन में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक जजपाल सिंह, एवं विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह कंवर रहे। इस अवसर पर जिला वुशु संघ के अध्यक्ष दया सिंह संधू, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी ने सभी अथितियों का स्वागत किया एवं मुख्य अथितियों ने सुरभि के मातापिता ब्राम्हनंद, कुसुमलता नामदेव के संघर्ष और खेल के प्रति समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर गजेंद्र सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने वुशु खेल की प्रशंसा की व पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने कहा कि जो ठान लो वो कर दिखाओ और सुरभि ने वुशु खेल में जो चाहा बो कर दिखाया। इस मौके पर जिला वुशु संघ के अध्यक्ष दया सिंह संधु ने वुशु की निरंतर उपलब्धियां और जिला वुशु संघ के द्वारा किया गया प्रोत्साहन आज फल फूल रहा है। कईं खिलाड़ी मध्यप्रदेश के खेल अंलकरण प्राप्त कर चुके हैं जिसके बाद खेल अधिकारी के पद पर भूरक्षा दुवे और सुरभि नामदेव का चयन हुआ है यह जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है।

**सुरभि नामदेव की वुशु के खेल से शुरूआत** सुरभि ने वुशु खेल की शुरुआत वर्ष 2010 में की और खेल के क्षेत्र में अपनी मेहनत और लगन से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अनेक स्वर्ण पदक जीतकर गौरव बढ़ाया, और खेलों में ही भविष्य बनाने के उद्देश्य से एशिया के प्रथम शारीरिक खेल विश्वाविधालय ग्वालियर से बीपीइडी, एमपीइडी पढ़ाई की और नेताजी सुभाष इंस्टिट्यूट से वुशु खेल में ग्रेड वुशु कोच की उपाधि प्राप्त की। सुरभि ने केंद्रीय विधालय की परीक्षा पास कर पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गुना स्थित केंद्रीय विधालय में खेल शिक्षक के पद पर चयनित हुईं, सुरभि की खेल यात्रा यही नहीं रुकी, लगातार मेहनत के बल पर यूजीसी द्वारा आयोजित एनइटी परीक्षा 4 वार उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा दिखाई और मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग से उच्च शिक्षा विभाग में खेल अधिकारी के पद पर चयनित हुई। सुरभि नामदेव क़ो खेल अधिकारी एवं भारतीय खेल प्राधिकरण मणिपुर में वुशु कोच बनने पर राजकुमार अहिरवार क़ो भी वुशु टीम की ओर से सम्मानित किया गया एवं सम्मान स्वरुप मूमेंटो प्रदान किये गए।

वुशु की उपलब्धियों पर चर्चा की गई

कार्यक्रम का शानदार मंच संचालन सीनियर वुशु खिलाडी अनुष्का दुबे ने किया व आभार प्रकट वुशु कोच ब्रजेश धुरेंटे ने किया। खिलाड़ियों बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस उपलब्धि पर नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया,क्रीड़ा अधिकारी ओपी शर्मा, खेल विभाग से अरुण रघुवंशी, वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक अबदेश शर्मा, प्रहलाद श्रीवास्तव, नामदेव समाज रेखा नामदेव, वुशु अध्यक्ष दया सिंह संधू, धर्मेंद्र रघुवंशी, सहित राजदीप सिंह, मुस्ताक खान, पवन, निखिल एवं सभी वुशु खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमिओं ने बधाइयाँ दीं हैं।

**अशोकनगर को राज्य सरकार के लाईफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड का इंतजार** मध्यप्रदेश सरकार के खेल अंलकरण अशोकनगर के खिलाड़ियों द्वारा अर्जित किए गए हैं। एकलव्य अवार्ड,विक्रम अवार्ड, विश्वामित्र अवार्ड के बाद दो खिलाड़ियों का खेल अधिकारियों के पद पर चयन होना अशोकनगर जिले में बड़ी उपलब्धि है। इन खिलाड़ियों को तैयार करने और अशोकनगर में वुशु खेल की शुरूआत करने वाले जिला वुशु संघ के अध्यक्ष दया सिंह संधु की अब तक मध्यप्रदेश शासन के खेल मंत्रालय द्वारा उपेक्षा की जा रही है। उन्हें यह अवार्ड पिछले 3 साल पहले मिल जाना चाहिए था। उन्होंने इसके लिए नियमानुसार अपना अधिकार भी जताया है लेकिन पर्याप्त राजनैतिक संरक्षण के अभाव में उन्हें यह अवार्ड नहीं मिल पा रहा है।

राजगढ़, खिलचीपुर क्षेत्र में पूरे दिन छाई रही धुंध, भीषण ठंड से जनजीवन हुआ प्रभावित

# वसुंधरा ने ओढ़ी कोहरे की चादर, 24 घंटे में 3 डिग्री नीचे लुढ़का तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले के न्यूनतम तापमान ने रविवार से अचानक करवट बदली और पूरे दिन सर्द हवाओं के साथ पूरे क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा। मुख्यालय पर रविवार तड़के यह हालात थे कि दृश्यता महज 50 मीटर के आसपास थी और हाईवे पर वाहन चालक हेडलाईन जलाकर गंतव्य तक पहुंचते नजर आए। रविवार को पूरे दिन ही लगभग क्षेत्र कोहरे और धुंध से लिपटा रहा। शनिवार को जिले का न्यूनतम तापमान जो 8.2 डिग्री रिकार्ड किया गया था वह 24 घंटे में और ज्यादा लुढ़कते हुए 5.0 डिग्री तक पहुंच गया। सर्द हवाओं और भीषण सर्दी का आलम यह था कि विभिन्न चैक-चैराहों पर लोग दिन में भी अलाव जलाकर अपने आप को सर्दी से बचाते नजर आए। रविवार तड़के क्षेत्र के खेतों की फसलों पर ओस की बूंदों के साथ ही बर्फ की हल्की परत भी जमीं हुई देखी गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में हालात और ज्यादा नाजुक होने की संभावना है वहीं मावठे की बारिश से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

**दिन में भी अलाव का सहारा लेकर अपने को गर्म रखते नजर आए लोग**



### इस मौसम में इन बातों का विशेष रूप से रखे ध्यान

ठंड और भीषण शीतलहर के बीच अनावश्यक यात्रा न करें और जितना संभव हो घर के अंदर ही रहें। ठंड में पर्याप्त ऊनी कपड़े पहन एवं सिर, गर्दन, पैरों, कानों को पूरी तरह ढककर रखें। बाहर जाते समय मफलर, ग्लब्स सहित अन्य कपड़े अवश्य रूप से पहले। इसके साथ ही विटामिन-सी से युक्त फल, सब्जियों को भी चिकित्सकों ने इस मौसम के लिए बेहतर बताया है। नाक बहने, नाक बंद होने, बुखार, नाक से खून आने जैसे लक्षण कों नजरअंदाज न करते हुए तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

### मोहनपुरा से भी सर्द हवाओं का जुड़ाव

क्षेत्र में बीते कुछ वर्षों से तापमान में लगातार दर्ज की जा रही गिरावट को जिले में निर्मित मोहनपुरा, कुंडालिया, बांकपुरा सहित अन्य सिंचाई परियोजनाओं को भी माना जा रहा है। इन परियोजनाओं से जहां जिले के वाटरलेवल में वृद्धि हुई है वहीं हवाएं भी बड़े-बड़े बांधों के सीधे संपर्क में आकर सर्दी और शीतलहर को बढ़ा रही हैं।

### आम नागरिकों ने बच्चों की छुट्टियों की रखी मांग

जिले के तापमान में अचानक आई कमी, भयंकर शीतलहर एवं कोहरे को देखते हुए छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर न पड़े, इसको देखते हुए तापमान सामान्य होने तक छोटे बच्चों के स्कूलों की छुट्टियां करने की मां आमजनों द्वारा की जा रही है।

### बीते एक हफ्ते में जिले का न्यूनतम तापमान

(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| दिनांक | तापमान |
|---|---|
| 04 जनवरी | 8.5 |
| 03 जनवरी | 8.2 |
| 02 जनवरी | 9.0 |
| 01 जनवरी | 7.6 |
| 31 दिसंबर | 6.5 |
| 30 दिसंबर | 4.6 |

भाई के सर को बुरी तरह नोचते देख बहन ने दिया साहस का परिचय

# 5 साल के भाई को बचाने 8 वर्षीय मासूम लीजा आवारा कुत्ते से भिड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



नगर में रविवार सुबह एक आवारा कुत्ते के हमले में दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। 5 वर्षीय क्रिश और 8 वर्षीय लीजा को प्राथमिक उपचार के बाद राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। यह घटना खिलचीपुर के सोमवारिया क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 3 में हुई। स्थानीय मजदूर सुरेश राव के बच्चे क्रिश और लीजा रविवार सुबह अपनी बुआ के घर के बाहर खेल रहे थे। तभी एक आवारा कुत्ते ने 5 वर्षीय क्रिश पर हमला कर दिया और उसके सिर को बुरी तरह नोच लिया, जिससे खून बहने लगा।

### कुत्ते से भिड़ गई बहन

अपने भाई को बचाने के लिए 8 वर्षीय लीजा कुत्ते से भिड़ गई। वह करीब तीन मिनट तक कुत्ते से लड़ती रही। इस दौरान कुत्ते ने लीजा पर भी हमला किया। कुछ देर बाद लोग मौके पर पहुंचे और कुत्ता वहां से भाग गया।क्रिश के सिर से लगातार खून बहता देख लीजा ने तुरंत अपनी टी-शर्ट उतारकर उसके सिर पर लपेट दी, ताकि रक्तस्राव को रोका जा सके। लीजा की इस सूझबूझ और हिम्मत की लोगों ने सराहना की।

### दोनों बच्चे जिला अस्पताल रेफर

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग और बच्चों की मां पूनम राव मौके पर पहुंचीं। उन्होंने घायल बच्चों को संभाला और मजदूरी पर गए पति सुरेश राव को बुलाया। इसके बाद दोनों बच्चों को तत्काल खिलचीपुर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर कर दिया।डॉक्टरों ने बताया कि क्रिश के सिर में गंभीर घाव हैं, जबकि लीजा के हाथ, चेहरे और सिर पर चोटें आई हैं। फिलहाल दोनों बच्चों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

# दो नेत्रहीनों की जिंदगी में रोशनी दे गई दुर्गा



**ब्यावरा।** खिलचीपुर से पहला नेत्रदान मरणोपरांत दुर्गा बाई पत्नी स्व रामगोपाल का नेत्रदान करवाने का निर्णय उनके सुपुत्रों श्यामसुंदर , गिरिराज एवं ओम ने खुशबू गुप्ता बाढ़गांव के निवेदन पर परोपकार की भावना अपनी सहमति प्रदान की। खुशबू ने नवज्योती नेत्रदान समिति, जीरापुर की अध्यक्षा पूजा गुप्ता के माध्यम से इंदौर स्थित शंकरा नेत्रालय की विशेषज्ञ टीम अनिल जी गोरे द्वारा खिलचीपुर में पुण्यात्मा के निवास पर परिवार की उपस्थिति में नेत्रदान की पावन प्रक्रिया विधिवत सम्पन्न करवाई।

नेत्रदान को सम्पन्न करवाने में समाजसेवी प्रशांत मूंदड़ा ब्यावरा का सहयोग स्थानीय रहा। नेत्रदान उपरांत पूजा गुप्ता ने स्वर्गस्त आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्व दुर्गा बाई ने मरणोपरांत भी दो नेत्रहीनों की आंखों को रोशनी से सदा के लिए रोशन कर समाज को नेत्रहीनता निवारण हेतु प्रेरणा प्रदान की है। पूजा ने आगे कहा कि नेत्रदान से चेहरे पर किसी भी प्रकार की विकृति नहीं आती, नेत्रदान में पूरी आंख नहीं वरन केवल कॉर्निया लिया जाता है अतः निश्चिंत होकर नेत्रदान का संकल्प ले तथा आमजन से नेत्रदान की अपील की।

स्टेडियम परिसर में आयोजित हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता

# रेस में अव्वल आने सौंधिया समाज के बच्चों ने दिखाया दम

**राजगढ़।** अभा सौंधिया राजपूत महासभा के तत्वावधान में रविवार को मुख्यालय स्थित स्टेडियम प्रांगण में जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से चयनित 3-3 बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक दौड़ में सहभागिता की। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों ने खेल भावना, अनुशासन का प्रदर्शन का भी परिचय दिया। महासभा के पदाधिकारियों ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजन निरंतर किए जाएंगे। कार्यक्रम के समापन समाजजनों ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए भविष्य में और बड़े स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित करने की अपेक्षा जताई।

### ये बच्चे रहे विजेता

दौड़ प्रतियोगिता में सविता सिसोदिया ब्लॉक खिलचीपुर, मनीषा पंवार ब्लॉक खिलचीपुर एवं निशा पंवार फूलखेड़ी राजगढ़ ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बालक वर्ग में खिलचीपुर ब्लॉक के रोहित, पोलाखेड़ा के बलराम एवं ब्यावरा ब्लॉक के योगेश ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार जीते। इसमें सचिव राम नारायण सोलंकी, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमराज कल्पोनी, ईश्वरसिंह तोमर, के.पी पंवार, राजेंद्र सिंह कीलखेड़ा, चंदर सिंह तोमर, सुल्तान सिंह मोतीपुरा, शिव सिंह, शिवराज सिंह नारायणघटा, नरवर सिंह सिसोदिया, इंदर सिंह नाईपुरिया, विक्रम सिंह कीलखेड़ा आदि उपस्थित रहे।

## शीत लहर चलने से जनजीवन प्रभावित



**छापीहेड़ा।** वर्ष 2025 के समापन होते ही मौसम ने अपना मिजाज शीतलहर के साथ बदल दिया है यानी साल के चौथे दिन कड़ाके की ठंड ने भयावक दस्तक दे दी है जिसका इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था शीत लहर का प्रकोप घर से बाहर निकलते ही देखने को मिल जाता है। शीत लहर से जनजीवन पूरी तरह से सर्दी की चपेट में आ गया है दुकानों के बाहर सड़कों के किनारे लोग अब अलाऊ जलाकर गर्मी ले रहे हैं हर एक इंसान अब भारी गर्म कपड़ों स्वेटर जैकेट और टोपियों में लिपटे नजर आ रहे हैं मेंन मार्केट में कन्हा फोटो स्टूडियो बाला शूज स्टोर्स मोदी पान कॉर्नर इन दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानों के बाहर जलाऊ जलाकर रोजमर्रा के कार्यों को गति दे रहे हैं वही नप द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर लकड़ी के अलाव जलाए हैं।

राजगढ़ नगर की दो बस्तियों की यात्रा उपरांत राजमहल में हुआ कार्यक्रम

# हिंदू सम्मेलन: हाथों में धर्मध्वजा लेकर सड़कों पर निकले सैकड़ों सनातनी



**राजगढ़।** संपूर्ण राजगढ़ जिले की विभिन्न बस्तियों, मंडलों में इन दिनों हिन्दू सम्मेलनों का भव्यतम आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को नगर की महावीर एवं शीतला माता बस्तियों का सम्मेलन स्थानीय राजमहल परिसर में संपन्न हुआ। राजमहल में सैकड़ों सनातनियों की मौजूदगी में उपस्थित संत समाज एवं मुख्य वक्ताओं ने पंच परिवर्तन, हिन्दू धर्म के विस्तार, सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक शक्ति को सुदृढ़ करने, कुटुंभ प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण सहित समाज हित से जुड़े अन्य विषयों पर अपनी बात रखी।

इसके पूर्व स्थानीय पारायण चैक से ध्वज व कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में मातृ-शक्तियों, पुरुष व नगर के प्रबुद्धजन शामिल हुए। हाथों में ध्वज, भारत माता के जयकारों के साथ पारायण चैक से आरंभ हुई यात्रा झांसी की रानी चैक, मेन मार्केट, तुल्ली चैक होते हुए राजमहल परिसर पहुंची। इस बीच स्थान-स्थान पर ध्वज यात्रा में शामिल लोगों का विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, स्वयंसेवी व अन्य संघटनों द्वारा पुष्पवर्षा इत्यादि से जोरदार, स्वागत अभिनंदन किया।

### कथावाचक के उद्गारों ने भरा जोश

राजमहल परिसर में आयोजित हिन्दू सम्मेलन की इस सभा में कथा वाचक पंडित रोहित नागरजी के आर्शिवचनों का लाभ उपस्थितजनों को मिला। उन्होंने परिवार, समाज, देश को जोड़ने के संबंध में अनेकों दृष्टांत और बातें नगर के प्रबुद्धजनों के बीच सांझा की। कार्यक्रम के आयोजक हिन्दू समाज के ऊर्जावान युवा बीते कईं दिनों से इस हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों में जुटे थे।

दूषित पानी से मौतों पर किया पुतला दहन का प्रयास

# घंटा वाले बयान के विरोध कांग्रेसियों ने बजाया घंटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

दूषित पानी से इंदौर शहर में हुई 16 लोगों की मौत के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा मिडिया के समक्ष दिये घंटा वाली गैर जिम्मेदार बात को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा रविवार को नगर में कांग्रेस पार्टी ने हाथों में घंटा लेकर बजाते हुये प्रदर्शन करते हुये नारे बाजी की ।

ज्ञात हो कि विगत दिनों मध्यप्रदेश शासन के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा इंदौर के भागीरथपुरा के निवासियों का नगर निगम द्वारा सप्लाई किया जा रहा था दूषित पानी को पीने से बेकसूर 16 लोगों की मौत हो गई जिस पर उन मृत लोगों और परिवार के प्रति सहानुभूति की जगहों, मिडिया के लोगों के हित में पूछे प्रश्नों का उत्तर देने की बजाए भड़कते हुए कहा ष्क्या घंटा हो गयाष जैसे गैर जिम्मेदाराना वक्तव्य देकर जनता के प्रति अपनी जवाबदेही से मुंह मोड़ा जबकि इंदौर में भाजपा की नगर निगम, प्रदेश में सरकार, नौ विधायक भाजपा के सांसद वा स्वयं विजयवर्गीय इंदौर के बाद जवाबदेही से पल्ला झाड़ने का जो प्रयास किया उसका प्रदेश भर में कांग्रेस पार्टी विरोध कर रही।

इसी तारतम्य में नगर में कांग्रेसियों द्वारा पोलखेड़ा चैराहे पर एकत्रित होकर हाथों में घंटा लेकर बजाते हुए प्रदर्शन किया और पोलखेड़ा चैराहे से जुलूस लेकर बस स्टैंड चैराहे पहुंचे जहां पूर्व से मंत्री केशल विजयवर्गीय का पुतला जो छुपा रखा था उसे जलाने का प्रयास किया लेकिन उपस्थित पुलिस द्वारा पूर्व से खड़ी फायर गाड़ी के माध्यम से बुझा दिया।

# ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत, ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप

**सारंगपुर।** शहर से लगभग 15 किलोमीटर दूर पचोर रोड पर स्थित ग्राम छापरा के पास रविवार तड़के एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां पुणे-ग्वालियर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला और उसके पांच वर्षीय मासूम बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान लक्ष्मीबाई पति राजेश (35) एवं उसके पुत्र क्रिश (5) निवासी ग्राम छापरा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविवार तड़के लक्ष्मीबाई अपने बेटे को साथ लेकर घर से निकली थी। इसी दौरान पचोर रोड रेलवे ट्रैक पर दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर सारंगपुर



पुलिस मौके पर पहुंची और नगर पालिका के शव वाहन की मदद से दोनों शवों को सारंगपुर सिविल अस्पताल लाया गया, जहां रविवार को पोस्टमार्टम किया गया। अस्पताल में मृतका के मायके पक्ष के लोग पहुंचे और ससुराल पक्ष पर मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए। परिजनों का कहना है कि लक्ष्मीबाई को लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे तंग आकर उसने यह कदम उठाया। इस दौरान अस्पताल परिसर में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति भी बनी रही, जिसे पुलिस ने समझाइश देकर शांत कराया। इस दर्दनाक घटना से छापरा गांव में शोक का माहौल है।

# जेपीएल सीजन-2 का शुभारंभ



**जीरापुर।** स्थानीय स्टेडियम परिसर में जीरापुर प्रीमियर लीग जे.पी.एल. सीजनदृ2 का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम में अतिथि क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी, विशेष अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचरण किरार, हनुमान पाटीदार, श्रीराम दांगी, महामंत्री रमेश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधी शिव मंडलोई, सरपंच झड़माऊ दिनेश राठौर, सुजान गुर्जर, सोनू शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का विधिवत शुभारम्भ किया। जहां विधायक हजारीलाल दांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि आपसी भाईचारे, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी मजबूत करते हैं।जे.पी.एल. जैसे टूर्नामेंट ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। शुभारम्भ अवसर पर अश्विन पंडित, शकील खान, अकील खान, समीर, शाहरुख, भगवान मालवीय, शानू, निलेश, गोलू सक्सेना, आकाश तोमर, अली, अपूर्व सक्सेना सहित अनेकों खिलाड़ी, नागरिक उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में कुल 7 टीमें भाग ले रही हैं, जिनका फरहान बिलाल , ऑनर फैजल खान, सोनू खान, लक्ष्मण सिंह बना, कृष्णा पाटीदार बाबू मालवीय। आयोजकों ने बताया कि यह टूर्नामेंट आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किया जा रहा है।

दांगी समाज का 29वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 अप्रैल को

# अतरालियां की पावन धरा से उठेगी सामाजिक क्रांति की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



समाज को जोड़ने और कुरीतियों के अंधकार को मिटाने के लिए सामूहिक प्रयासों से बड़ा कोई शस्त्र नहीं है। इसी उद्देश्य के साथ दांगी समाज ने एक बार फिर अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए 20 अप्रैल 2026 को अतरालियां में 29वें सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन का शंखनाद कर दिया है। रविवार को समाज के छात्रावास में आयोजित एक वृहद बैठक में इस महाकुंभ की आधारशिला रखी गई।

यह आयोजन केवल विवाह का गठबंधन मात्र नहीं है, बल्कि यह बदलती सामाजिक चेतना का प्रतीक है। नेतृत्व और संकल्परू जब अनुभवी और युवा मिले एक साथ छात्रावास में हुई बैठक में समाज के शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति ने आयोजन की गंभीरता को दर्शाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम दांगी की गरिमामयी उपस्थिति में समाज के उत्थान पर चर्चा हुई। उन्होंने जोर देकर कहा कि सामूहिक विवाह आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता है, ताकि समाज का पैसा शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में खर्च हो सके। बैठक में जिला अध्यक्ष रामबगस दांगी और ब्लॉक अध्यक्ष प्रभुलाल दांगी ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं, युवा नेतृत्व का प्रतिनिधित्व कर रहे शिव दांगी बारवा (युवा जिला अध्यक्ष) ने सम्मेलन को डिजिटल और आधुनिक प्रबंधन से जोड़ने का संकल्प लिया।

### अतरालियां गांव में जुटेगा पूरा दांगी समाज

आयोजन स्थल के रूप में अतरालियां गांव का चयन रणनीतिक और आध्यात्मिक दोनों है। यह स्थान आसपास के दर्जनों गांवों के लिए सुलभ है। सचिव रामप्रसाद दांगी और शिव दांगी ने बताया कि 20 अप्रैल का दिन क्षेत्र के लिए एक उत्सव जैसा होगा। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों की सशक्त भागीदारी भी देखने को मिली। हरिप्रसाद दांगी (सरपंच, सोनकच्छ) और लक्ष्मीनारायण दांगी (सरपंच, कालियादे) ने विश्वास दिलाया कि जमीनी स्तर पर हर परिवार तक इस सम्मेलन का संदेश पहुँचाया जाएगा। जगदीश चैधरी, सुरेश दांगी (करणपुरा) और रमेश पटेल (खजूरिया) ने भी आयोजन की सफलता के लिए अपने सुझावों का पिटारा खोला।

### 29वें सम्मेलन के सामाजिक मायने

आर्थिक सुदृढ़ता- सामूहिक विवाह के माध्यम से मध्यमवर्गीय परिवारों को भारी-भरकम कर्ज से मुक्ति दिलाने का प्रयास। सामाजिक समरसता- अतरालियां में होने वाला यह जमावड़ा विभिन्न उप-वर्गों और परिवारों के बीच आपसी मेलजोल बढ़ाएगा। दहेज प्रथा पर प्रहार- सम्मेलन के माध्यम से दहेज रहित सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देना, जो नई पीढ़ी के लिए एक आदर्श है। छात्रावास की भूमिका- समाज के छात्रावास में हुई यह बैठक इस बात का प्रमाण है कि समाज अपनी संपत्तियों का उपयोग रचनात्मक कार्यों के लिए कर रहा है।

### युद्धस्तर पर शुरू हुईं तैयारियां

बैठक के बाद ही अतरालियां में तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। विभिन्न टोलियां बनाई गई हैं जो पंजीयन, टेंट, भोजन और मेहमानों के सत्कार का प्रबंधन करेंगी। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस बार सुविधाओं का स्तर और भी बेहतर किया जाएगा ताकि दूर-दराज से आने वाले मेहमानों को कोई असुविधा न हो।

**एकजुटता का संदेश-** बैठक के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे इस 29वें सामूहिक विवाह सम्मेलन को इतिहास का सबसे सफल आयोजन बनाएंगे। अतरालियां अब केवल एक गांव नहीं, बल्कि दांगी समाज की समरसता और शक्ति का नया केंद्र बनने जा रहा है।